
जय आदिवासी...
जय मूल निवासी...
जय सेवा जोहार...
9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर जिलेवासियों को शुभकामनाएं...
एक तीर, एक कमान, सर्व आदिवासी एक समान


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस
पर जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
आदिवासी नीरा सिंह कुसरो
जिला उपाध्यक्ष
सर्व आदिवासी समाज जिला-कोरिया
जिला उपाध्यक्ष- गोड़ रचनात्मक कल्याण समिति, जिला-कोरिया, छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
कमलेश्वर सिंह पोया
श्रीमती रूकमणी सिंह पोया
ग्राम-छिन्दडांड, बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया, छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती सोनकुंवर
सरपंच
सुनील भगत
पूर्व सरपंच
विनीत: ग्राम पंचायत बुढ़ार, जिला-कोरिया छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
दिलीप मिंज
कार्यपालन यंत्री
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया, छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
विष्णु प्रताप सिंह
कार्यकारिणी सदस्य
अजजा शासकीय सेवक संघ
जिला-कोरिया छ.ग.
रविन्द्र सिंह
महासचिव
अजजा शासकीय सेवक संघ
जिला-कोरिया छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
एनपी सिंह
कार्यपालन यंत्री
विद्युत विभाग मनेन्द्रगढ़,
जिला एमसीबी, छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
इंद्रपाल वास्कले
एडीओ
कृषि विभाग बैकुण्ठपुर,
जिला कोरिया, छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
दीपेन्द्र पंकज पोर्ते
ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी
बैकुण्ठपुर,
जिला कोरिया, छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
एक शुभचिंतक
सर्व आदिवासी समाज
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया, छ.ग.


9 अगस्त
प्रकृति के उपासक, सभ्यता और
संस्कृति को सदियों से अक्षुण रखने वाले सभी
आदिवासी भाईयों बहनों को
विश्व आदिवासी दिवस
की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।
नवजोत सिंह आयाम
सक्रिय सदस्य- आदिवासी समाज
बिहारपुर जिला सूरजपुर, छ.ग.



9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
ईरबल सिंह पैंकरा
ग्राम-तमजीरा,
ब्लॉक बैकुण्ठपुर,
जिला कोरिया, छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
शैलेन्द्र सिंह सिदार
सब इंजीनियर-लोक स्वास्थ्य (वि.यां.) विभाग
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया, छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस पर
जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
उदय सिंह
अध्यक्ष-जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर
जिला-कोरिया छ.ग.


विश्व आदिवासी दिवस
9 अगस्त
पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती सावित्री सिंह
संचालिका
रामसिंह
आयुष फ्यूल्स पता - मेनरोड अखराडांड़, खड़गवां, जिला - एमसीबी, छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस
पर जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
अवधेश प्रताप सिंह
संचालक - कोरिया फ्यूल्स सेंटर पटना, जिला - कोरिया, छ.ग.


9 अगस्त
विश्व आदिवासी दिवस
पर जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
ए. टोप्पो
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन विभाग
बैकुण्ठपुर, जिला - कोरिया

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 राशि के अभाव में पोषण पुनर्वास केन्द्र में 6 महीनों से लटक रहा ताला

## खबर संक्षेप

### विश्व आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम आज



**बैकुण्ठपुर।** संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णय के अनुसार हर वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व आदिवासी दिवस कोरिया जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। सर्व आदिवासी समाज जिला कोरिया द्वारा इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10 बजे मिनी स्टेडियम, रामानुज प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर से प्रकृति पूजन के साथ होगी, इसके बाद रैली कुमार चौक होते हुए मानस भवन पहुंचेगी, जहां यह सभा में परिवर्तित होगी। आयोजन का उद्देश्य आदिवासी समाज को संगठित करना, जल-जंगल-जमीन के अधिकार, संस्कृति, भाषा व परंपराओं की रक्षा तथा शोषण और भेदभाव के खिलाफ जनजागरण फैलाना है। सर्व आदिवासी समाज जिला कोरिया के अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर ने जिले के समाजजनों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 16 को होंगे विविध आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व इस वर्ष भी जनकपुर के हनुमान मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि नगरवासियों के सहयोग से होने वाला यह वार्षिक आयोजन न केवल धार्मिक आस्था, बल्कि सांस्कृतिक परंपराओं का भी प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार 16 अगस्त को रात्रि 8 बजे से होगा। मटकी फोड़ प्रतियोगिता (बालक, बालिका, पुरूष और महिला वर्ग) में विजेताओं को 1100 और अन्य आकर्षक उपहार प्रदान किए जाएंगे। वहीं बालक वर्ग की दही हांडी प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 21,000 नगद रखा गया है। रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का विशेष धार्मिक आयोजन होगा। इसमें भजन-कीर्तन, आरती और भगवान के जन्म का उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रांगण में भक्ति संगीत, सजावट और पारंपरिक झाँकियों से वातावरण कृष्णमय रहेगा।

### नन्हें सिपाहियों ने बढ़ाया जिले का गौरव




**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग राज्य के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव एवं हीरक पंख चतुर्थ चरण जांच शिविर का भव्य शुभारंभ 3 अगस्त को साइंस कॉलेज मैदान बिलासपुर में हुआ। यह शिविर 2 से 5 अगस्त तक आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश के 15 जिलों से 400 चयनित कब-बुलबुल एवं 41 प्रभारी भाग लिए। कोरिया जिले से जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में 6 कब एवं 6 बुलबुल ने भाग लिया। विकासखंड सचिव शिवप्रताप सिंह एवं फ्लॉक लीडर प्रमिला टोप्पो के साथ ये नन्हें प्रतिभागी जिले की पहचान, संस्कृति और परंपरा को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं। शिविर में वे सेवा, सहयोग, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता जैसे गुण आत्मसात कर रहे हैं। समारोह का संचालन शैलेन्द्र मिश्रा ने किया और आभार कैलाश सोनी ने व्यक्त किया।

## राखियों के साथ जमकर हुई मिठाइयों की बिक्री

# रक्षाबंधन आज : गुलजार रहा बाजार


राखी दुकान में लगी लोगों की भीड़।


शहर में जाम ट्राफिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

भाई-बहन के पवित्र स्नेह का पर्व रक्षाबंधन आज जिलेभर में उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस बार रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर सर्वार्थ सिद्धि योग, सौभाग्य योग का संगम के साथ मनाया जाएगा। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा, ऐसे में पूरे समय राखी बांधने का मौका मिलेगा।

रक्षाबंधन पर्व को लेकर कई दिनों पूर्व से शहर में बाजार गुलजार हो गया था। राखी के एक दिन पूर्व बहनों द्वारा राखी खरीदी के लिए शहर के बाजार में जुटे रहे। इस वर्ष शहर में कुमार चौक से लेकर भाजपा कार्यालय तक सड़क किनारे राखी की दुकानें अधिक संख्या में लगाई गई है, इसके अलावा अन्य जगहों पर राखी की दुकानें सजी हुई है, जहां शनिवार को राखी की खरीदी करने के लिए सुबह दुकान खुलने के साथ ही खरीददारी शुरू हो गई थी। वहीं दोपहर से शाम ढलने के बाद राखी की दुकानों में सबसे अधिक भीड़ देखी गई। खरीदी के लिए लोगों की भीड़ के चलते शहर के मध्य मुख्य मार्ग पर एवं चौक-चौराहों पर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही, इसके चलते कई बार लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी चिरमिरी चौक एवं कुमार चौक के पास भीड़ अधिक होने के कारण चौक एवं मुख्य मार्ग पर जाम से लोगों को परेशान होना पड़ा। सड़क किनारे राखी की दुकाने सजी है, जहां पर खरीदी के लिए लोगों की भीड़ के चलते सड़क पर यातायात जाम की समस्या उत्पन्न होती रही।

### रक्षाबंधन पर्व पर भद्रा का साया नहीं

9 अगस्त को इस बार रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस वर्ष रक्षाबंधन में भद्रा का साया नहीं रहेगा, जिससे कि पूरे समय राखी बांधी जा सकेगी। जानकारी के अनुसार रक्षाबंधन पर्व पर राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 9 अगस्त को सुबह 5 बजकर 21 मिनट से दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक है, इसके बाद भाद्रपद माह की शुरूआत हो जाएगी, ऐसे में उक्त अवधि में राखी बांधी जाएगी। जानकारी के अनुसार 9 अगस्त को दोपहर 12 बजे से 12:53 बजे तक अभिजीत मुहूर्त है, इस अवधि में राखी बांधना फलदायी माना जाता है।

### मिष्ठान एवं कपड़ों की जमकर खरीदी

रक्षा पर्व के अवसर पर जहां जमकर राखियों की खरीदी हुई, वहीं मिष्ठान दुकानों में भी एक दिन पूर्व जमकर खरीदी हुई, इसके अलावा कपड़ों की दुकानों में भी भीड़ दिनभर जुटी रही। वहीं विभिन्न गिफ्ट की डिमांड भी रही ,इसके लिए दुकानों में लोगों को खरीदी करते देखा गया। कपड़ों की दुकानों में भी जमकर ग्राहकी जुटी रही।

### आरएसएस का रक्षाबंधन उत्सव आज

बैकुण्ठपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बैकुंठपुर नगर द्वारा 9 अगस्त को रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया है। नगर संघ चालक अजय जायसवाल एवं नगर कार्यवाह बैकुंठपुर नगर डॉ.गौरवकांत बडेरिया द्वारा मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसंघ सेवक बैकुंठपुर का रक्षाबंधन उत्सव सरस्वती शिशु मंदिर कचहरीपारा में आयोजित किया गया है।

## जिला चिकित्सालय में आईसीयू और कीमोथैरपी यूनिट शुरु


शुभारंभ करते विधायक भईयालाल राजवाड़े।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला चिकित्सालय परिसर में 15 बिस्तरीय आईसीयू एवं कीमोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े के द्वारा फीता काटकर किया गया है।

शुभारंभ कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसमें अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती वंदना राजवाड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा केबी जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शौभाग्यवती सिंह की सम्मिलित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. कार्तिकेय सिंह, एनेस्थेसिस्ट डॉ. मनीष कुमार, अस्पताल सलाहकार एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनित सोनहत बीएमओ

जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में पदस्थ दो चिकित्सकों को स्थानांतरण कर नया प्रभार सौंपा गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा को सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र सोनहत को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना का प्रभारी बनाया गया। वहीं डॉ. अनित कुमार बखला को जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत का प्रभारी बनाते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी।

## भालू विचरण को लेकर जनप्रतिनिधियों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

■ डीएफओ पर बदसलूकी के आरोप



शहर में भालुओं के लगातार विचरण और उससे उत्पन्न खतरे को लेकर जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डीएफओ कार्यालय पहुंचा। भालुओं की बढ़ती गतिविधियों पर चर्चा करने पहुंचे प्रतिनिधियों ने डीएफओ पर बदसलूकी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, समेत कांग्रेस और भाजपा के कई पार्षद व अन्य कार्यकर्ता वहां मौजूद रहे। मामला बढ़ता देख कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन और जोरदार नारेबाजी शुरू हो गई, जिससे पूरे इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। स्थिति को गंभीर होता देख भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह और पूर्व विधायक गुलाब कमरो भी मौके पर पहुंचे। लगभग चार से पांच घंटे तक चला यह हंगामा अंततः एक बैठक में तब्दील हुआ। इसमें डीएफओ और जनप्रतिनिधियों के बीच बंद कमरे में चर्चा हुई। हालांकि बैठक में क्या निर्णय हुआ, यह अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। भालू की बढ़ती उपस्थिति से क्षेत्र के नागरिकों में भय बना हुआ है और प्रशासन से सुरक्षा व समाधान की मांग तेज होती जा रही है।

### स्वतंत्रता दिवस 15 को शुष्क दिवस

**बैकुण्ठपुर।** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले में 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया है। यह निर्णय आबकारी आयुक्त छग द्वारा जारी-निर्देशों के तहत लिया गया है। छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1)के तहत जिले में संचालित सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, कंपोजिट दुकानें, एफएल 3(ग) (पर्यटन बार) और एफएल 4(क) (व्यवसायिक क्लब) को इस दिन पूरी तरह बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। आदेश के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। शुष्क दिवस के दौरान मदिरा का संव्यवहार पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तुर्रा नाला के ऊपर बन गई इमारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जनकपुर

■ राजस्व अमला बना रहा अनजान



एमसीबी जिले के तहसील मुख्यालय जनकपुर में जिम्मेदार राजस्व विभाग के अनदेखी से दबंग भूमाफियाओं द्वारा नदी-नाले जैसे प्राकृतिक जलस्त्रोतों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। देखते ही देखते इन नदी नालो में ही आसपास के जमीन मालिकों द्वारा खुलेआम अवैध रूप से कब्जा कर गगनचुंबी इमारत खड़ा कर लिया जा रहा है।

ऐसा ही मामला भरतपुर तहसील मुख्यालय जनकपुर नगर में आबादी से लगा हुआ प्राकृतिक तुर्रा नाला का सामने आया है। इस तुर्रा नाला के ऊपर कई स्थानीय धनाढय व दबंगों ने अवैध रूप से कब्जा करके गगनचुंबी इमारत बना लिए हैं, इससे बारह महीना बहने वाली तुर्रा नाला का अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। भूमाफियाओं द्वारा तुर्रा नाला के ऊपर खुलेआम किया गया अवैध कब्जा की जानकारी यहां के पूर्व राजस्व अमला को होने के बावजूद तुर्रा नाला की सुरक्षा नहीं की गई है, जबकि यह तुर्रा नाला राजस्व विभाग के शासकीय रिकार्ड में दर्ज है। अगर प्राकृतिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कार्रवाई की जाएगी

अतिक्रमण देखा हूं, कार्यालय से फाइल देखकर आगे की कार्रवाई करूंगा।

-नीरजकांत तिवारी
तहसीलदार भरतपुर

## 20 दिन बाद भी नहीं हटा विशाल पीपल का पेड़, लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

■ शीघ्र पेड़ नहीं हटाया गया तो करेंगे नगर पंचायत कार्यालय का घेराव

नगर पंचायत खोंगापानी के वार्ड क्रमांक 08 में 17 जुलाई को मोहल्ले के बीचों-बीच गिरा विशालकाय पीपल का पेड़ अब तक पूरी तरह नहीं हटाया गया है। घटना में आसपास के कई घरों को नुकसान पहुंचा था और मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शुरूआती दिनों में नगर पंचायत ने कार्रवाई में टालमटोल की, बाद में कटाई शुरू हुई, लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी अधूरा काम और रास्ते पर पड़ी लकड़ियां लोगों की मुसीबत बढ़ा रही हैं। कटे हुए हिस्सों के कारण सड़क से आवागमन बाधित है, वहीं गिरने के स्थल पर घरों का मलबा और गंदगी अब भी जस की तस पड़ी है। वार्डवासी प्रशासन से तत्काल सफाई और अवरोध हटाने की मांग कर रहे हैं। लापरवाही हद पार 17 जुलाई को गिरे पेड़ का मलबा अब तक नहीं हटाया, जनता में आक्रोश- खोंगापानी नगर पंचायत में पदस्थ एक अधिकारी पिछले चार वर्षों से लगातार यहीं कार्यरत हैं और वार्ड के विकास कार्यों में खुलेआम पक्षपात करने के गंभीर आरोप झेल रहे हैं। बीते 17 जुलाई को वार्ड क्रमांक 8 में एक विशाल पेड़ गिर गया था, जिससे आसपास के घरों को नुकसान पहुंचा, लेकिन लगभग तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी सड़क से मलबा नहीं हटाया गया।

पेड़ को आधा-अधूरा काटकर लकड़ी को जगह-जगह फेंक दिया गया, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। नगर पंचायत खोंगापानी के उपाध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी ने कलेक्टर एमसीबी से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क पर पड़े मलबे और कटे पेड़ों की वजह से लोगों का जीवन खतरे में है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नवोदय विद्यालय एवं इंस्पायर अवार्ड के लिए करें प्रेरित

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के खंड शिक्षा अधिकारी/सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, समस्त प्राचार्य, संकुल शैक्षिक समन्वयकों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम लिंगराज सिदार, जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण दुबे उपस्थित रहे। कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग की योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सर्वप्रथम जिले के समस्त विकास खंडों में कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों जल्द से जल्द पाठ्य पुस्तक वितरण कराने के निर्देश दिए। जिन विद्यालयों में पुस्तकों की कमी एवं अधिकता है उसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय को दें।




## पीडीएस दुकान को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

शहर सीमा से लगे ग्राम पंचायत सागरपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत देकर राशन दुकान को ग्राम के ही भीतर संचालित करने की मां को लेकर हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत सागरपुर में संचालित होने वाली राशन दुकान वर्तमान में ग्राम पंचायत भवन के एक हिस्से में संचालित हो रही है, जहां गांव के बुजुर्गो एवं महिलाओं को राशन ले जाने में सुविधा होती है। वर्तमान सरपंच एवं उप सरपंच पति रामकृपाल साहू मिलकर बिना ग्रामीणों की सहमति लिए राशन दुकान को ग्राम पंचायत भवन से खाली कराकर झुमका नहर के किनारे नवनिर्मित पीडीएस गोदाम में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है, इससे ग्रामीण व्यथित है और मांग किए कि राशन दुकान को पूर्ववत अपने ही स्थल पर संचालित किया जाए।

## 70 में 22 कर्मियों ने सोलर पॉवर प्लांट लगवाने दी अपनी सहमति

# पहले अधिकारी-कर्मी अपने परिसर में लगाएं सोलर पॉवर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

वृत्त के अधीक्षण अभियंता ने सीएसईबी के समस्त कर्मचारियों की बैठक बैकुंठपुर के आफिस में ली।

अधीक्षण अभियंता राजेश लकड़ा ने प्रधानमंत्री सूर्यधर मुफ्त बिजली योजना के तहत नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए छग राज्य विद्युत कंपनी के सभी नियमित अधिकारी-कर्मचारियों को अपने आवासीय परिसरों में तीन माह के भीतर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की सलाह कहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अपने स्वयं के आवासीय परिसर में रूफटॉप सोलर प्लांट की स्थापना किया जाना सुनिद्धित करें। अन्यथा पॉवर कंपनी द्वारा दी जा रही बिजली बिल में विशेष रियायत की सुविधा को स्थगित किए जाने पर विचार किया जाएगा। श्री लकड़ा ने कहा कि अपने पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने ऐसे अधिकारी-कर्मचारी बोर्ड क्वार्टर किराए के मकान या वहुमंजिला इमारतों में रह रहे हैं, वे अप गृहनगर में स्थित स्वयं के या पुश्तैनी मकान पर सत्कटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर सकते हैं। ▶▶ शेष पेज 6 पर




बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी।

### लगेंगे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना शिविर

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत छग राज्य में आम नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिला एवं संभाग स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 7 से 13 अगस्त 2025 तक चरणबद्ध रूप से विभिन्न जिलों में लगाए जाएंगे। इस योजना के तहत नागरिकों को सौर ऊर्जा संयंत्र अपने घर की छत पर लगाने के लिए आर्थिक सहायता, सब्सिडी और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। शिविरों में लोगों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। साथ ही इच्छुक लाभार्थियों को मौके पर ही पंजीयन में भी सहायता की जाएगी। कोरिया जिले में 11 अगस्त को कुमार चौक (घड़ी चौक) बैकुंठपुर तथा 12 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर, बैकुंठपुर में आयोजित किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक यह योजना पर्यावरण संरक्षण, बिजली खर्च में बचत और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें और सोलर ऊर्जा के उपयोग को अपनाकर देश की ऊर्जा क्रांति में योगदान दें।



